सांध्य दैनिक
स्मार्ट विदर्भ
संपादक - मोहित कि. भोजवानी मो.8855978329/8999381525
अमरावती, बुधवार, दि. ३१ मे २०२३

राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन मुंबई में

एमआयटी स्कूल पुना का आयोजन

स्मार्ट विदर्भ नेटवर्क, 31 मई

अमरावती- नेतृत्व, लोकतंत्र, प्रशासन व शांतिप्रिय समाज निर्माण करने के लिए भारत के इतिहास में पहली बार देश के 2 हजार से अधिक विधायकों का राष्ट्रीय सम्मेलन मुंबई के बिकेसी जिओ सेंटर में 15 से 17 जून तक आयोजित किया है। पुना के एमआयटी स्कूल ऑफ गव्हर्नमेंट द्वारा विधानसभा व विधानपरिषद के अध्यक्ष व सभापति के सहयोग से सम्मेलन हो रहा है। विधायक श्रीकांत भारतीय ने प्रेसवार्ता के माध्यम से यह जानकारी दी। राज्य के सभी दलों के विधायकों को सम्मेलन में उपस्थित रहने का आवाहन किया। राष्ट्रनिर्माण, राष्ट्रीय एकात्मता, शास्वत विकास, मध्यवर्ति विचार त्रिसूत्री का प्रमुख उद्देश रख सम्मेलन होगा। लोकसभा पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, डॉ. मिरा कुमार, शिवराज चापूरकर, मनोहर जोशी तथा वर्तमान लोकसभा सभापति ओम बिर्ला उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन भारत यह संकल्पना रखी गई है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, विधान परिषद उपसभापति डॉ. निलम गोरे, पूर्व अध्यक्ष रामराजे नाईक निंबाळकर, दिलिप वळसे पाटिल का विशेष सहयोग मिल रहा है। प्रेसवार्ता में गजानन मिरगे, अभय खेडकर, योगेश पाटिल, चेतन गावंडे, प्रकाश महाले, प्रफुल्ल वानगांवकर, रामहरी कराळ आदि उपस्थित थे।

जनसंपर्क विभाग, माईर्स एमआयटी, पुणे.